दिनांक 12.09.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सड़क दुर्घटना रोकने मवेशियों का घड़पकड़ अभियान

भिलाईनगर/ रोका छेका संकल्प अभियान में पकड़े गये घूमन्तू मवेशियों का शहरी गौठान तथा पशु आश्रय स्थल में पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं का टेगिंग किया जा रहा है। निगम का राजस्व अमला सड़क दुर्घटना को रोकने सड़क तथा चौक चौराहो से आवारा मवेशियों का घड़पकड़ कर रहा है।

आयुक्त रोहित व्यास रोका छेका संकल्प अभियान के सफल संचालन के लिए लगातार माॅनेटरिंग कर रहे है। उन्हे भ्रमण के दौरान जहाॅ भी चौक या सड़क पर मवेशी दिखते है , वे तत्काल इस पर कार्यवाही के निर्देश देते है। आयुक्त को हुड़को वासियों ने श्री राम चौक में रात्रि में पशुओं का समुह एकत्र रहने की सूचना दी गई जिस पर राजस्व अमला जोन- 05 के सहायक राजस्व अधिकारी के साथ शाम 7 बजे हुड़को पहुॅचकर सम्पूर्ण क्षेत्र से सड़क तथा चौक चौराहो में झुण्ड में बैठे आवारा मवेशियों को काउ कैचर के माध्यम से गौठान में रखा गया है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने राजस्व अमले को नियमित रूप से सम्पूर्ण निगम क्षेत्र का भ्रमण कर घुमन्तू मवेशियों की घड़पकड़ करने के निर्देश दिये है। जिसके तहत तीन माह के भीतर 1126 आवारा मवेशियों को पकड़कर गौठान में रखा गया है। इन मवेशियों का एनिमल टैगिंग किया जा रहा है , अभी तक 354 मवेशियो का टेगिंग किया जा चुका है।

निगम आयुक्त श्री व्यास के निर्देश पर निगम भिलाई द्वारा तीन टीम बनाई गई है , जो काउ केचर वाहन में संसाधनों के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर आवारा मवेशियों को पकड़ निगम के शहरी कोसानगर और डीमार्ट के पास पशु आश्रय स्थल में रख रहे है। जुलाई माह में 278, अगस्त में 684 तथा 11 सितंबर तक 164 सहित कुल तीन माह में 1126 मवेशी पकड़े जा चुके है। निगम क्षेत्र के नागरिक द्वारा निदान 1100 तथा अन्य माध्यम से मवेशियों की शिकायत मिलने पर निगम की टीम मौके पर पहुंचकर मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही को अंजाम दे रहे है , टीम ने जी.ई.रोड, आकाशगंगा, हुड़को, वैशालीनगर, पावर हाउस चौक, नेहरू नगर, टाउनशिप क्षेत्र की सड़को पर घुमने वाले घूमन्तू मवेशियों का घड़पकड़ की कार्यवाही कर रहे है। निगम प्रशासन ने पशुपालकों से अपील किया है कि वे अपने पालतू मवेशियों को मोहल्ले के गली अथवा सडक पर नही बांधे तथा सडक मे खुला न छोडे ऐसी स्थिति मे जप्ती की कार्यवाही की जावेगी।